दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, बुधवार 13 सितंबर 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## प्रतिष्ठा बच गई!

यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। यह दुनिया के बदलते समीकरणों की एक झलक है।

जी-20 के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में साझा घोषणापत्र का जारी होना जाना निश्चित रूप से एक बड़ी कामयाबी है। इसे भारत की एक विशेष कूटनीतिक सफलता भी कहा जा सकता है। यह सफलता इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ती है, क्योंकि एक दिन पहले तक घोषणापत्र पर आम सहमति बनने की न्यूनतम संभावना नजर आती थी। शिखर सम्मेलन से पहले भारत में जी-20 देशों के विदेश, वित्त और पर्यावरण मन्त्रियों की हुई बैठकों के बाद कोई साझा बयान जारी नहीं हो सका था। वजह यह थी कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस पर अड़े हुए थे कि ऐसे किसी बयान में 'यूक्रेन पर हमले' के लिए रूस की दो टूक शब्दों में निंदा होनी चाहिए। उधर रूस और चीन अडिग थे कि उन्हें ऐसा कोई बयान मंजूर नहीं होगा। पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में हुए शिखर सम्मेलन इस मामले में इन दोनों देशों ने कुछ नरम रुख दिखाया था, जिससे पश्चिमी देश निंदा को घोषणापत्र में शामिल करवाने में सफल हो गए थे। मगर अब रूस और चीन का रुख अधिक सख्त हो चुका था।

इससे भारत की चुनौतियां बढ़ गई थीं। अब यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। बल्कि घोषणापत्र में रूस और चीन की इस राय को भी शामिल किया गया कि जी-20 वास्तव में आर्थिक मुद्दों पर बना मंच है, जिसमें भू-राजनीतिक मसले शामिल नहीं किए जाने चाहिए। पश्चिमी देश क्यों पीछे हटे, इस पर अभी कई दिन तक कयास लगाए जाते रहेंगे- लेकिन इसे इस बात सकेंत अवश्य माना जा सकता है कि दुनिया पर से अपने फिसलते वर्चस्व और गिरती ताकत से वे परिचित हैं। ऐसे में भारत जैसे भू-राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण देश की उपयोगिता उनकी निगाह में बहुत बढ़ी हुई है। इस कारण भारतीय कूटनीति के तकाजों को नजरअंदाज करना उन्हें अपने माफिक नहीं लगा। इससे भारत की प्रतिष्ठा बच गई। इसके बावजूद खेमों में बंटती दुनिया के बीच जी-20 कितना प्रासंगिक रह गया है, इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है।

# 10 फीसदी बढ़ सकता है डीजल इंजन वाले वाहनों पर टैक्स

### नितिन गडकरी ने बताया प्लान



**नईदिल्ली।** भारत सरकार इन दिनों ई-वाहनों को प्रमोट करने में पूरी तरह से लगी हुई है। हाल ही में जी20 समिट में भी भारत ने ग्रीन एनर्जी को काफी प्रमोट किया। इस बीच, भारत के सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि वह डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव करने की योजना बना रहे हैं।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 63वें वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा वे इसके बारे में आज वित्त मंत्री के साथ चर्चा करेंगे और यह प्रस्ताव उनके सामने रखेंगे।

भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कार बाजार में डीजल वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के प्रयास में डीजल इंजन वाहनों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव करने की योजना बना रहा है।

नई दिल्ली में एक सम्मेलन में गडकरी ने कहा, 'जल्द ही डीजल को अलविदा कहें, नहीं तो हम इतना टैक्स बढ़ा देंगे कि आपके लिए इन वाहनों को बेचना मुश्किल हो जाएगा।'

देश में फिलहाल ज्यादातर कमर्शियल वाहन डीजल से चलते हैं। मारुति सुजुकी इंडिया और होंडा सहित विभिन्न कार निर्माताओं ने पैसेंजर वाहन सेगमेंट में डीजल से चलने वाली कार का निर्माण पहले ही बंद कर दिया है।

गडकरी ने कहा कि देश में डीजल कार पहले ही काफी कम हो गई हैं और निर्माताओं को इन्हें बाजार में बेचना बंद करना होगा। उन्होंने डीजल को खतरनाक ईंधन करार देते हुए कहा कि मांग को पूरा करने के लिए देश को ईंधन का आयात करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि वह डीजल से चलने वाले जेनरेटर पर भी अतिरिक्त जीएसटी का प्रस्ताव रखेंगे। वर्तमान में ऑटोमोबाइल पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, साथ ही वाहन के प्रकार के आधार पर एक प्रतिशत से 22 प्रतिशत तक अतिरिक्त उपकर लगता है।

गडकरी ने उद्योग से इथेनॉल जैसे पर्यावरण-अनुकूल वैकल्पिक ईंधन और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा।

मंत्री की टिप्पणियों के बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा और अशोक लीलैंड 2.5 फीसदी से 4 फीसदी के बीच गिर गए। वहीं, टाटा मोटर्स के शेयरों में भी करीब 2.5 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

सरकार की तरफ से टैक्स बढ़ाने का प्लान ऐसे समय आया है जब हाल ही में वाहनों की बिक्री को लेकर सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने अगस्त का डेटा जारी करते हुए बताया था कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढक़र 3,59,228 यूनिट हो गई है।

## वनडे में 10 हजार रन बनाने वाले छठे भारतीय बने रोहित शर्मा, सचिन-विराट के क्लब में हुए शामिल



**कोलंबो।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने नाम एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 वनडे इंटरनेशनल रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज और छठे भारतीय बन गए हैं।

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका के खिलाफ जैसे ही रोहित शर्मा ने 22 रन पूरे किए वो वनडे क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले कुल 15वें बल्लेबाज बन गए। वह सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज भी हैं।

यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारत की नजरें सुपर 4 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अपना 50वां वनडे खेल रहे हैं। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करते हुए रोहित के नाम 30 शतक, 50 अर्धशतक और 2 दोहरे शतक दर्ज हैं।

सबसे तेज 10,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज (पारी के हिसाब से)

विराट कोहली (भारत) 205 पारी
रोहित शर्मा (भारत) 241 पारी
सचिन तेंदुलकर 259 पारी
सौरव गांगुली 263 पारी
रिकी पोंटिंग 266 पारी

## रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की बढ़त के साथ 82.93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ 82.93 पर पहुंच गया।

विदेश मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के नरम रुख और सकारात्मक घरेलू बाजारों से समर्थन मिलने के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.93 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में 10 पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.55 पर आ गया।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## ईलॉन मस्क की सैटेलाइट कंपनी कर सकती है भारत में एंट्री

### स्टारलिंक को जल्द लाइसेंस मिलने की उम्मीद



**नईदिल्ली।** दुनिया के सबसे अरबपति ईलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी को जल्द ही दूरसंचार मंत्रालय से इसकी अनुमति मिल सकती है। सैटेलाइट कंपनी स्टारलिंक करीब एक महीने से भारत में अपनी सर्विस शुरू करने की कोशिश कर रही है लेकिन कुछ कारणों की वजह से इसे गृह मंत्रालय से परमिशन नहीं मिल पा रही है।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है मंत्रालय सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन सर्विस लाइसेंस के लिए स्टारलिंक के प्रपोजल पर विचार कर सकता है। सूत्र ने यह भी कहा कि इस लाइसेंस के पास होने की भी उम्मीद है। हालांकि, कुछ अड़चनों से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

जीएमपीसीएस के बाद स्टारलिंक को सरकार के कई विभागों और भारत के स्पेस मंत्रालय से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद, कंपनी अपने ऑपरेशन को देशभर में शुरू कर सकती है।

वर्तमान में, मुकेश अंबानी की जियो और सुनील मित्तल समर्थित वन वेब के पास भारत में जीएमपीसीएस लाइसेंस हैं। जियो की साझेदारी लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के साथ है। जेफ बेजोस के पास भी 'कुइपर' नाम का इसी तरह का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यह अभी तक भारत में नहीं आया है।

स्टारलिंक को 2021 में दूरसंचार मंत्रालय द्वारा फटकार लगाई गई थी जब उसने बिना लाइसेंस के भारत में अपने डिवाइस के लिए एडवांस ऑर्डर लेना शुरू कर दिया था। लगभग 5,000 ग्राहकों ने अपने प्री-ऑर्डर लगभग 99 डॉलर की कीमत पर दिए थे। कंपनी को भारतीयों से वसूले गए पैसे वापस करने के लिए भी कहा गया था।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अभियान के शुरूआती मुकाबले में भारत का सामना थाईलैंड से होगा



**रांची।** एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा की।

टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अक्टूबर को मलेशिया और जापान के पहले मैच से होगी। जबकि मेजबान भारत दिन का तीसरा मैच खेलेगा, जब उनका मुकाबला झारखंड के रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से होगा।

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होगा और 5 नवंबर को समाप्त होगा।

सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी।

डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं।

मेजबान भारत अच्छी फॉर्म में है। विशेष रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद।

मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही। टीम 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और 2 नवंबर को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में कोरिया से भिड़ेगी।

एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, यह एशियाई हॉकी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शीर्ष स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं इस आयोजन की मेजबानी के लिए और एशिया में हॉकी के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया की हार्दिक सराहना करना चाहता हूं।

## एशिया कप: पाकिस्तान ने घायल हारिस और नसीम के लिए मांगा बैकअप



**कोलंबो।** पाकिस्तान ने सोमवार को भारत के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर स्टेज मैच में चोट लगने के बाद तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी और जमान खान को हारिस रऊफ और नसीम शाह के बैकअप के रूप में बुलाया है। . सोमवार को भारत के हाथों पाकिस्तान की 228 रन की हार के दौरान नसीम और रऊफ को चोट लग गई थी और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर चरण के अंतिम मैच तक उनके ठीक होने की कोई निश्चितता नहीं है। अगले महीने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले खिलाडिय़ों की फिटनेस और भलाई को ध्यान में रखते हुए यह केवल एक एहतियाती कदम है।

हारिस और नसीम टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में बने रहेंगे। टीम प्रबंधन एसीसी तकनीकी समिति से प्रतिस्थापन का अनुरोध तभी करेगा जब नसीम या हारिस अगले सात दिनों के लिए बाहर हो जाएं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, यह अगले महीने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले खिलाडिय़ों की फिटनेस और भलाई को ध्यान में रखते हुए एक एहतियाती कदम है और दोनों टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में रहेंगे। एक बयान में कहा.

टीम प्रबंधन एसीसी तकनीकी समिति से प्रतिस्थापन का अनुरोध तभी करेगा जब हारिस या नसीम को अगले सात दिनों के लिए बाहर कर दिया जाएगा। भारत से पाकिस्तान की भारी हार के कारण बाबर आजम की टीम मौजूदा सुपर फोर तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई, जिसका मतलब है कि इस साल के फाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका के खिलाफ उस मैच में जीत की आवश्यकता होगी। दहानी ने अपने देश के लिए दो एकदिवसीय मैच और कुल 11 टी20ई प्रतियोगिताएं खेली हैं, जबकि 22 वर्षीय ज़मर ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पाकिस्तान के लिए सिर्फ छह बार प्रदर्शन किया है और कभी भी अंतरराष्ट्रीय वनडे में कोई एक्शन नहीं देखा है।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपका सहयोग जीवनसाथी के काम में बहुत मदद करेगा। आज रोजगार सम्बन्धी कोई ख़ुशखबरी मिल सकती है। आज आपको काम में एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृष-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर में नन्हें मेहमान के आने का योग बना हुआ है। आपका घर खुशियों से भर जाएगा। आज सामने आयी चुनौती का डट कर सामना करने में सफल होंगे।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे तो आपका काम आसनी से पूरा हो जाएगा। आपके द्वारा की गई सामजिक कार्यों से लोगों प्रभावित होंगे।

**कर्क-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको आज किसी अच्छी कंपनी द्वारा जॉब का ऑफर मिलेगा। आज आपको बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। अभी तक आप जिस बात से परेशान थे, आज आपको उससे छुटकारा मिल जाएगा। आज अपनी समस्या किसी व्यक्ति के सामने सोच-समझकर शेयर करें।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज किसी विशेष परिस्थिति में आपके सही निर्णय लेने की क्षमता से आपको समाधान मिल जाएगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है तो आज का दिन अच्छा है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपका संपर्क किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगा, जिससे मिलकर आप कुछ नया सीखेंगे और अपने जीवन में फॉलो करेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप दिन भर कई छोटे-मोटे कामों को करने में व्यस्त रहेंगे। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों की सलाह मानना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप माता के साथ उनके किसी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे। आज आपको नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रहने की जरूरत है।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके जो भी काम है उनको करने में देरी नहीं करेंगे तो आपका काम बिना रुकावट के पूरा हो जाएगा। इस राशि के सिंगर्स का कोई गाना आज ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशी का माहौल रहेगा। आप किसी बात को लेकर मन ही मन खुश रहेंगे। आपके अच्छे विचार लोगों को काफी पसंद आयेंगे लोग आपकी बातों को अहमियत देंगे।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ज्यादा काम के कारण आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप अपने सहकर्मियों के कार्यों को पूरा करने में सहयोग करेंगे।

## अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर भी जारी




साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2-द रूल की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है. यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए एक ऑफिशियल पोस्टर जारी किया गया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है.

देशभर के दर्शक आइकोनिक पुष्पा-द राइज के सीक्वल की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अल्लू अर्जुन ने हाल ही में 69वें नेशनल अवॉर्ड में पुष्पा के किरदार के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है. उनके फैंस का उत्साह पुष्पा 2 की शूटिंग की झलकियों के साथ चरम पर है, जिसे अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक हैंडल पर शेयर किया है. न सिर्फ दर्शक, बल्कि ट्रेड जगत भी पुष्पा 2 के पूरे भारत के सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों के इंतज़ार में है.

पुष्पा- द राइज़ ने बॉक्स ऑफिस पर एक ऐतिहासिक लहर पैदा की थी और यह महामारी के बाद की टर्नअराउंड फिल्म थी जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाया था.

## राजवीर देओल और पालोमा की सादगी और आकर्षण ने जीता दिल



अवनीश बडज़ात्या निर्देशित पहली फिल्म दोनों का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही इंटरनेट पर खूब प्यार बटोर रहा है। इस फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले राजवीर देओल और पलोमा को भी उनकी सादगी और आकर्षण के लिए काफी सराहना मिली।

खैर, नेटिज़न्स को ट्रेलर में देखी गई यह ताज़ा ऑन-स्क्रीन जोड़ी पसंद आ रही है। लोग अवनीश की तारीफ करते नहीं चूक रहे हैं उनका मानना है कि अवनीश ने राजश्री के फॅमिली ओरिएंटेड फिल्म की परम्परा को बरक़रार रखा है। हलाकि दोनों का ट्रेलर लांच किसी फॅमिली सेलिब्रेशन से काम नहीं था जहाँ पलोमा के साथ कुछ भावनात्मक क्षण आए, जबकि उनकी मां पूनम ढिल्लों को गर्व महसूस हुआ।

## ये घरेलू टिप्स दिलाएंगे मुंह की बदबू से छुटकारा



मुंह से बदबू आना एक आम समस्या है जो कई कारणों से हो सकती है. मुंह से बदबू आना से न सिर्फ हम खुद परेशान रहते हैं, बल्कि यह हमारे आस-पास के लोगों के लिए भी असुविधा का कारण बन जाती है. मुंह से आने वाली बदबू कई कारणों से हो सकती है - खराब दांतों की सफाई, मुंह में संक्रमण, खाने-पीने की गलत आदतें, तंबाकू का सेवन, कुछ बीमारियाँ या दवाएं आदि. चाहे कारण कुछ भी हो, मुंह की बदबू हमारे आत्मविश्वास को कम कर देती है और सामाजिक रूप से अलग-थलग कर देती है. लेकिन चिंता की कोई बात नहीं! मुंह की बदबू से छुटकारा पाने के लिए हम घर पर ही कुछ सरल और प्राकृतिक उपाय आजमा सकते हैं जो इस समस्या को दूर करने में मदद कर सकते हैं. आइए जानते हैं मुंह की बदबू हटाने के कुछ असरदार घरेलू उपाय के बारे में.

**लौंग का उपयोग-** लौंग में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंह से बैक्टीरिया को नष्ट कर सकते हैं. आप लौंग को मुंह में रखकर चबा सकते हैं.

**नींबु पानी-** नींबु में विटामिन सी होता है, जो मुंह के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है. आप नींबु के रस को पानी में मिलाकर इसे कुछ समय तक मुंह में रख सकते हैं और फिर कुल्ला कर सकते हैं.

**बेकिंग सोडा-** बेकिंग सोडा मुंह की एसिडिटी को कम करता है, जो बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया की वृद्धि को रोक सकता है. आप बेकिंग सोडा को अपने टूथपेस्ट में मिला सकते हैं या फिर इसे पानी में मिलाकर मुंह के अंदर कुल्ला कर सकते हैं.

**तुलसी:-** तुलसी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल प्रॉपर्टीज होती हैं. आप तुलसी की पत्तियों को चबा सकते हैं या इसे अपने चाय में डाल सकते हैं.

**सौंफ और इलायची-** इन दोनों के एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंह की बदबू को दूर करने में मदद करते हैं. भोजन के बाद थोड़ी सौंफ और इलायची का सेवन आप कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 183

**बाएं से दाएं**
1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**
1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 183

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |